प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के उपलक्ष्य पर व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन

पन्तनगर। 28 सितम्बर 2024। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के उपलक्ष्य में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग द्वारा 'एनीमिया एवेंजर्स: द कलिनरी कुक–ऑफ' नामक व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य एनीमिया से लड़ने हेतु पोषण–युक्त व्यंजन तैयार कर उसका प्रदर्शन, एनीमिया के प्रति जागरूकता का प्रसार करना एवं समुदाय के लोगों के खान–पान में पौष्टिक तत्वों को सम्मिलित करने हेतु प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डा. अर्चना कुशवाहा, प्राध्यापक डा. अनुराधा दत्ता, सहायक प्राध्यापक डा. नीतू डोभाल, विभाग के छात्र तथा स्थानीय समुदाय के लोग उपस्थित थे। प्रतियोगिता में समस्त प्रतिभागियों को तीन श्रेणियों में क्रमशः छात्रगण, कर्मचारीगण तथा समुदाय के लोगो को विभाजित किया गया लोग। यह प्रतियोगिता विशेष रूप से उन व्यंजनों पर केंद्रित थी जो एनीमिया की समस्या को कम करने में सहायक हो सकते हैं। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक अपनी पाक–कला का प्रदर्शन करते हुए लौह तत्व, विटामिन सी एवं प्रोटीन से भरपूर व्यंजन प्रस्तुत किए तथा प्रत्येक सामग्री के पोषणात्मक महत्व को विस्तार से समझाया।

निर्णायक मंडली के रूप में डा. छाया शुक्ला, डा. अनुपमा पांडे व डा. अनुराधा दत्ता ने भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों की सराहना की। प्रतियोगिता के विजेता निम्न श्रेणी में घोषित किए गए–छात्र श्रेणी में अमृतपाल सिंह ने प्रथम, कुमारी रीता ने द्वितीय तथा यशिका शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं कर्मचारी श्रेणी में अपूर्वा ने प्रथम, साधना शर्मा ने द्वितीय तथा तनुज शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समुदाय श्रेणी में विजेता रही गीता देवी, रामबेटी देवी ने द्वितीय तथा प्रियंका मैसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, डा. अल्का गोयल द्वारा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में डा. गोयल ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए एनीमिया और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य आदतों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'संतुलित आहार एवं सही पोषण से ही हम एनीमिया जैसी समस्याओं का सामना कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता ने हमें यह समझने का अवसर दिया है कि किस तरह से हम अपनी खान–पान की आदतों को सुधार सकते हैं।' प्रतियोगिता का आयोजन डा. नीतू डोभाल के निर्देशन में हुआ जिसमें विभाग की छात्राओं संध्या ध्यानी, हिमानी बेलवाल, स्वर्णिका बंसल, अंशिका, मानसी, शिप्रा, कीरत ने कार्यकर्म को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई। प्रतिभागियों के जोश और रचनात्मकता ने कार्यक्रम को बेहद सफल बनाया। सभी ने मिलकर एक स्वस्थ समाज की दिशा में योगदान देने का संकल्प लिया। खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग के इस प्रयास को स्थानीय समुदाय से अत्यधिक सराहना प्राप्त हुयी।

प्रतिभागियों के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार